जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

26 नवम्बर 2021

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने मनाया 72वां संविधान दिवस**

भारत के संविधान की 72वीं वर्षगाँठ के अवसर पर आज जामिया मिल्लिया इस्लामिया में संविधान दिवस मनाया गया।

प्रो. तसनीम फातमा, प्रो-वाइस चांसलर, जामिया ने संविधान की प्रस्तावना अंग्रेजी में पढ़ी तथा डॉ. नाजिम हुसैन जाफरी, रजिस्ट्रार, जेएमआई ने संविधान की प्रस्तावना हिंदी में पढ़ी, जिसे विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और अन्य स्टाफ सदस्यों ने साथ-साथ दोहराया।

कार्यक्रम का आयोजन वीसी कार्यालय, जेएमआई के लॉन में "आजादी का अमृत महोत्सव" के तत्वावधान में किया गया था, जिसका समन्वय प्रो. मोहम्मद मुस्लिम खान, अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, जामिया द्वारा किया गया।

मुख्य प्रॉक्टर के कार्यालय ने "भारतीय संविधान के मौलिक आदर्शों" पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जोकि डॉ. मोहम्मद असद मलिक, विधि संकाय, जामिया द्वारा दिया गया। जामिया के रजिस्ट्रार डॉ. नाजिम हुसैन जाफरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। प्रो. इब्राहीम, डीन, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय, जामिया विशिष्ट अतिथि थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता चीफ प्रॉक्टर, प्रो. वसीम ए. खान, ने की। व्याख्यान में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और सुरक्षा कर्मचारी शामिल हुए।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में भी शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

भारतीय संविधान के बारे में बच्चों में जागरूकता पैदा करने के लिए मुशीर फातिमा नर्सरी स्कूल, जामिया द्वारा कई गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

सभी कार्यक्रमों के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया